# बिहार सरकार
## स्वास्थ्य विभाग

## अधिसूचना

**संचिका संख्या :–FSC/32/2024 ...........................** **पटना/दिनांक –........................... 2025**

सुश्री श्वेता मिश्रा, खाद्य विश्लेषक, संयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, अगमकुऑ, पटना द्वारा खाद्य विश्लेषक के पद पर योगदान करने से पूर्व सर्वप्रथम प्र०शा०का०, नागपूर के का०ज्ञा०सं०–120-11/4/96-estt/Part-01/679, दिनांक–09.07.2015 के अनुसार कनिष्ठ रसायनज्ञ के पद पर (पे बैण्ड–5200–20200, ग्रेड पे–2800) दिनांक–06.08.2015 से क्षेत्रीय एकमार्क प्रयोगशाला, ओखला में पदस्थापित/कार्यरत थी।

2. कनिष्ठ रसायनज्ञ के पद पर सेवारत अवधि के दौरान बिहार तकनीकी सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या–03/22 के आलोक में खाद्य विश्लेषक के पद पर नियुक्ति हेतु सुश्री मिश्रा द्वारा विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, मुख्य कार्यालय, नागपुर को सूचित करते हुए आवेदन समर्पित किया गया।

3. बिहार तकनीकी चयन आयोग के पत्रांक–2919, दिनांक–17.11.2022 द्वारा सुश्री श्वेता मिश्रा को खाद्य विश्लेषक के पद पर नियमित नियुक्ति हेतु प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–47(खाद्य), दिनांक–17.02.2023 के द्वारा सुश्री मिश्रा को वेतन स्तर–09 तथा समय–समय पर अनुमान्य महंगाई एवं देय अन्य भत्ता के साथ खाद्य विश्लेषक के पद पर नियुक्त करते हुए संयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, अगमकुआँ, पटना मे खाद्य विश्लेषक के रिक्त पद के विरूद्ध पदस्थापित किया गया।

4. उक्त विभागीय अधिसूचना के आलोक में सुश्री मिश्रा द्वारा कनिष्ठ रसायनज्ञ के पद से तकनीकी रूप से त्यागपत्र समर्पित करते हुए दिनांक–01.04.2023 के पूर्वाह्न में खाद्य विश्लेषक के पद का प्रभार ग्रहण किया गया।

5. उल्लेखनीय है कि सुश्री मिश्रा द्वारा कनिष्ठ रसायनज्ञ के पद पर वितायी गयी सेवा अवधि को वर्त्तमान सेवा के साथ समायोजन हेतु किये गए अनुरोध के बिन्दु पर वित्त विभाग, बिहार, पटना का सहमति प्राप्त है।

6. अतएव सुश्री मिश्रा, खाद्य विश्लेषक, संयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, अगमकुऑ, पटना द्वारा पूर्व में कनिष्ठ रसायनज्ञ के पद पर दिनांक–06.08.2015 से दिनांक–31.03. 2023 तक की गई सेवा अवधि को वर्त्तमान सेवा के साथ परिगणित करने की स्वीकृति प्रदान किया जाता है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह०/–

**(कृष्णा उरॉव)**

सरकार के उप सचिव

स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक 595(15)          पटना/दिनांक – 21/05/2025

प्रतिलिपि – माननीय उप मुख्य (स्वास्थ्य) मंत्री के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि – सचिव, बिहार तकनीकी सेवा आयोग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि – अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य–सह–खाद्य संरक्षा आयुक्त, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि – महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि – प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि इसे आगामी गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित कराते हुए इसकी 10 प्रतियाँ स्वास्थ्य विभाग (खाद्य संरक्षा आयुक्त कार्यालय, बिहार, पटना) को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपि – श्री कृष्णा उराँव, उप सचिव, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि – श्री सुरेन्द्र राय, विशेष कार्य पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग –सह– नोडल पदाधिकारी, खाद्य संरक्षा कार्यक्रम, बिहार, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–15, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि – श्री (डॉ०) सतेन्दु सागर, प्रभारी पदाधिकारी –सह– निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, संयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, अगमकुआँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि – संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि – आई०टी०प्रबंधक, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21/05/2025

सरकार के उप सचिव
स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना।